# भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सदैव रहेगा प्रासंगिक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के शपथ विधि समारोह को किया वर्चुअली संबोधित



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म का संदेश सभ्यता के प्रारम्भ से ही प्रासंगिक रहा है और भविष्य में भी रहेगा। महावीर स्वामी की शिक्षाएं हमें शांति, सद्भाव और आपसी समझ की राह दिखाती हैं। हम जियो और जीने दो सिर्फ कहने के लिए नहीं कहते इसे आत्मसात कर जीवन में भी उतारते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैन कल्याण बोर्ड की घोषणा राज्य सरकार द्वारा की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के शपथ विधि समारोह को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जैन समाज जियो और जीने दो के सिद्धांत का जिस प्रतिबद्धता से पालन करता है वह अनुकरणीय है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा हमें महावीर स्वामी और शेष तीर्थंकरों के माध्यम से प्राप्त होती है। जीव मात्र पर दया के संकल्प का जैन समाज द्वारा अनुसरण सराहनीय है। जैन धर्म हमें अनुशासित रहकर सेवा करने की सीख देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर विश्व नवकार महामंत्र के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस अवसर पर दिए गए नए संकल्प वर्तमान परिस्थितियों में सभी के कल्याण और प्रकृति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ-साथ आध्यात्मिक दृष्टि से भी विश्व को दिशा दे रहा है। कार्यक्रम में कांफ्रेंस के अध्यक्ष हुलास बेताला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश राका, कोषाध्यक्ष राजेश झामा और प्रांतीय महामंत्री पीयूष जैन उपस्थित थे।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में अंग-वस्त्रम ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।

## बाबा साहेब के सिद्धांत आज भी सभी को देते हैं प्रेरणाः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### -डॉ. अम्बेडकर को जयंती पर किया नमन

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्गों के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाले भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमें एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त लोकतंत्र का मार्ग दिखाया। उनके विचार और सिद्धांत आज भी हम सभी को प्रेरणा देते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने डॉ. अम्बेडकर को नमन करते हुए आह्वान किया है कि बाबा साहेब के सपनों के भारत के निर्माण में हम सब अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएँ।

## कलेक्टर ने की समीक्षा और सभी एसडीएम और जनपद को दिए निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने शनिवार को बैठक में राजस्व अधिकारियों और जनपद सीईओ के साथ समीक्षा की और अभी स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था के तहत हितग्राहियों की ईकेवाईसी कार्य किया जाना है। इसमें समस्त एसडीएम को निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन, प्राकृतिक प्रकोप की राशि वितरण आदि की भी समीक्षा की और कहा कि अभी आगजनी की घटनाएं हुई है, उनमें समय पर क्षतिपूर्ति राशि का वितरण होना चाहिए। उन्होंने सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार के स्तर पर भी लंबित मामलों की गहन समीक्षा की। तालाबों का सीमांकन करने के निर्देश दिए।

समस्त जनपद सीईओ से सीएम हेल्पलाइन, पीएम आवास, पेंशन,अनुग्रह सहायता राशि वितरण की समीक्षा की गई। संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि के जो पेमेंट फेल हुए हैं उनकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसमें समस्त जनपद सीईओ विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में भी त्रुटि पूर्ण जवाब ना भरे। जिन शिकायतों का निराकरण किया जा सकता है उनमें गंभीरता से निराकरण करें। बैठक में विकासखंड समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी की अनुपस्थिति पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सूचना के बाद भी जो अधिकारी बैठक से अनुपस्थित रहे हैं उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देशदिए।

## पिछोर विधायक ने किए आधा दर्जन मल्टीपर्पज प्रतिक्षालयों के भूमि पूजन

भोपाल (आरएनएस)। पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने विधानसभा क्षेत्र मे कई विकास कार्यों के भूमि पूजन किए। विधायक निधि से ग्राम पंचायत नोहरा, कुम्हर्रा, रेडी हिम्मतपुर, पड़रा, तथा चमरौआ पर मांगलिक भवन एवं मल्टीपरपज प्रतीक्षालयों की सौगात दी।

पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा विधायक निधि से ग्राम पंचायत नोहरा,रेडी हिम्मतपुर,कुम्हर्रा,पडरा में 3 लाख 66 हजार रुपए की लागत राशि से मल्टीपर्पज प्रतिक्षालयों का भूमि पूजन किया। वहीं चमरौआ में मल्टी परपज प्रतीक्षालय के साथ-साथ 11लाख 71हजार रूपये की लागत राशि से मांगलिक भवन का भूमि पूजन भी किया गया। विधायक द्वारा बताया गया कि हम मांगलिक भवन जो बनाने जा रहे हैं उसमें शौचालय, नल जल तथा बैठने आदि की व्यवस्था की गई है। मैं आप लोगों के बीच ही रहकर प्रतिदिन आप लोगों की सेवा में हीं लगा हूं। मैंने जो आप लोगों के साथ बायदे किए हैं उनको निभाऊंगा। पिछोर क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी हर स्तर पर विकास के प्रयास किया जा रहे हैं।

# जयभीम पदयात्राः भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने हजारों युवाओं के साथ निकाली पदयात्रा

## बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : मंत्री श्री सारंग

भोपाल (आरएनएस)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में भव्य जयभीम पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा भोपाल के शौर्य स्मारक से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहे होते हुए पुनः शौर्य स्मारक पर पहुंचकर समाप्त हुई। मंत्री श्री सारंग ने शौर्य स्मारक से जय भीम पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा मार्ग में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पदयात्रा में हजारों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति की भावना के साथ बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा

पदयात्रा से पहले मंत्री श्री सारंग ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जय भीम पदयात्रा केवल एक मार्च नहीं, बल्कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर, उन्हें अपने जीवन में उतारने का एक संकल्प है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा का



स्त्रोत है, जो उन्हें सामाजिक न्याय, समानता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि जय भीम पदयात्रा के माध्यम से हम बाबा साहेब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं, जिन्होंने हमें एक ऐसा संविधान दिया, जो सामाजिक समता, न्याय और स्वतंत्रता का प्रतीक है। आज का युवा यदि उनके विचारों को आत्मसात करता है, तो वह निश्चित ही एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकता है।

### सामाजिक न्याय और संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक करने का दिया संदेश

पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही। सभी युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ जय भीम और जय भारत के नारों से वातावरण को गुंजायमान किया। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जय भीम पदयात्रा के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक समानता, न्याय और संविधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर पूरे देश में जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया गया। भोपाल में आयोजित पदयात्रा में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, उप सलाहकार राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अशोक कुमार श्रुती, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक राकेश गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक राकेश सिंह तोमर, राष्ट्रीय सेवा योजना, भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजकुमार वर्मा, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत के लिए संस्कार और स्वास्थ्य दोनों ही जरूरी-राजेन्द्र शुक्ल

भोपाल(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हमारा देश विकसित भारत बनने के लिए तेजी से अग्रसर है। सारी दुनिया में यह मान्यता है कि सर्व कल्याण और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ भारत विश्वगुरू बने। विकसित भारत के लिए हमारे संस्कार और स्वस्थ्य भारत का होना भी जरूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शनिवार को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर दीन दयाल शोध संस्थान एवं नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित चित्रकूट धाम स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2.0 के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वामी विश्वात्मानंद जी, जानकी महल चित्रकूट के सीताशरण जी महाराज, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. भरत मिश्रा, एनएमओ के डॉ. विवेक चौकसे, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, जिला अधिकारी चित्रकूट धाम उ.प्र. शिवशरण अप्पा, जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल, बालेन्द्र गौतम, डीन सतना मेडिकल कॉलेज एसडी गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी भी उपस्थित रहे।

## जनसंपर्क संचालक अंशुल गुप्ता को भेजा विदिशा, प्रदेश में 9 कलेक्टर के हुए तबादले




भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश सरकार ने रविवार शाम को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 9 आईएएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। इसमें दो कलेक्टरों को हटाने के साथ-साथ दो अन्य कलेक्टरों का तबादला किया गया है।उज्जैन और अशोक नगर के कलेक्टरों को हटाकर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि विदिशा और हरदा में नए कलेक्टर नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए इंदौर कलेक्टर को अतिरिक्त प्रभार दिया है। दो राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले भी किए हैं।

### उज्जैन, अशोक नगर के कलेक्टर हटाए गए

उज्जैन और अशोक नगर के कलेक्टर हटाए गए

उज्जैन के कलेक्टर नीरज कुमार सिंह को हटाकर संचालक, परियोजना लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बनाया गया है। हाल ही में उनके शासकीय आवास पर पुलिस के पहुंचने के बाद पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया था, जिसके बाद से उनकी विदाई की अटकलें तेज थीं।

अशोक नगर के कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी को ईसागढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के बाद हटाया गया। उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग का अपर सचिव नियुक्त किया गया है।

विदिशा और हरदा में नए कलेक्टर

विदिशा के कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को अब उज्जैन का कलेक्टर बनाया गया है। मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले रौशन पूर्व में संचालक जनसंपर्क रह चुके हैं। जनसंपर्क संचालक अंशुल गुप्ता को विदिशा का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

हरदा के कलेक्टर आदित्य सिंह को हटाकर अशोक नगर का कलेक्टर बनाया गया है। उनकी जगह भोपाल के अपर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को हरदा का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। हरदा में पटाखा फैक्ट्री हादसे के बाद आदित्य सिंह के तबादले की चर्चा थी।

सिंहस्थ के लिए अतिरिक्त प्रभार

उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ मेले की तैयारियों को देखते हुए इंदौर के कलेक्टर आशीष कुमार सिंह को सिंहस्थ मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह कदम मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू करने के लिए उठाया गया है।

अन्य तबादले और अतिरिक्त जिम्मेदारियां

अपर कलेक्टर इंदौर ज्योति शर्मा को देवास जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है, जबकि इस पद पर रहे हिमांशु प्रजापति अब औद्योगिक विकास निगम इंदौर के कार्यकारी संचालक होंगे। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे को अपर सचिव श्रम नियुक्त किया गया है।

प्रमुख सचिव गुलशन बामरा को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के सीईओ और राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव ऋषि गर्ग को इसके संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## लागू होगी स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था,ई केवाईसी हितग्राही को ही मिलेगा राशन

### -हितग्राही 30 अप्रैल तक कराएं ई केवाईसी

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत प्रतिमाह पात्र परिवारों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। ऐसे पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करके वास्तविक हितग्राहियों को ही निशुल्क खाद्यान्न वितरण करने तथा दोहरे और अपात्र हितग्राहियों को पोर्टल से विलोपन करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा हितग्राहियों की ई केवाईसी किया जाना अनिवार्य किया गया है। अभी अगले माह 01 मई से स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था लागू की जाना प्रस्तावित है, जिसके तहत केवल ई केवाईसी हितग्राही को ही राशन दिया जाएगा। समस्त हितग्राही 30 अप्रैल तक ई केवाईसी जरूर करा लें। शनिवार को कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ के साथ बैठक कर समीक्षा की और निर्देश दिए हैं। सभी एसडीएम द्वारा निगरानी की जाए और 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत ई केवाईसी कार्य पूर्ण करना है। पीओएस मशीन से किए गए ईकेवाईसी का सत्यापन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के स्तर से प्रतिदिन किया जाए। यह लंबित नहीं रहना चाहिए। सूची ई केवाईसी दल को उपलब्ध कराएं और दुकान, पंचायत या वार्डकार्यालय पर भी



प्रदर्शित की जाए। जहां सर्वाधिक हितग्राही शेष हैं, ऐसे ग्राम पंचायत और वार्ड को चिन्हित करके शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

### -कैसे कराएं ईकेवाईसी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले की समस्त 687 उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीनों पर पात्र हितग्राहियों के ईकेवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे हितग्राही जो राशन प्राप्त कर रहे हैं परंतु अभी तक उन्होंने ईकेवाईसी नहीं कराई है वह जल्द संबंधित उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई केवाईसी कराएं,जिससे आगे उन्हें राशन प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। यदि हितग्राहियों के डेटाबेस में त्रुटिपूर्ण या अन्य हितग्राहियों के आधार नंबर दर्ज हैं। इनके संशोधन की सुविधा भी पीओएस मशीन पर उपलब्ध है।

-3 लाख 55 हजार से अधिक हितग्राहियों की ईकेवाईसी शेष अभियान चलाकर जिले में हितग्राहियों की ईकेवाईसी का काम किया जा रहा है। जिसमें 11,लाख 86 हजार 764 के से अभी तक 8 लाख 31 हजार 543 की ईकेवाईसी पूर्ण हुई है जबकि 355221 उपभोक्ता अभी भी शेष हैं। जिसमें जनपद क्षेत्र में सर्वाधिक पोहरी जनपद में 51 हजार 691 और खनियाधाना जनपद में 50 हजार 947 शेष है और बदरवास जनपद में 40 हजार 846 शेष हैं। शिवपुरी नगर पालिका क्षेत्र में 21 हजार से अधिक हितग्राहियों की ईकेवाईसी होना है।

## कूलर के पास बेहोश मिली महिला की मौत, करंट लगने की आशंका

भोपाल(ए)। बिलखिरिया थाना इलाके में स्थित कोकता ट्रांस्पोर्ट नगर में कूलर के पास घर में कुलर के पास बेहोशी की हालत मिली महिला की मौत हो गई। परिवार वालो ने पुलिस को बताया है की जब उसे कूलर के पास बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ देखा गया था उस समय उसके हाथ में कूलर का प्लग फंसा हुआ था।

थाना पुलिस ने बताया की कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में रहने वाली रचना बाई अहिरवार पत्नी पर्वत सिंह अहिरवार (32) घरेलू महिला थी। शनिवार सुबह परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने काम में व्यस्त थे। पति पर्वत सिंह घर के बाहर था। करीब 9 बजे जब वह अंदर के कमरे में गया तो उसे पत्नि रचना बाई कूलर के पास बेसुध पड़ी नजर आई।

## राजधानी में इंसानियत फिर हुई शर्मसार

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत, पत्नि ने कहा कुत्ते के काटने से गई जान

भोपाल (ए.)। राजधानी में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली वाली घटना सामने आई है। कोहेफिजा थाना इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसकी पत्नि बच्चो के साथ कई घंटो तक पति के शव के पास बैठी रही, लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिली। हालांकि बाद में जागरुक लोगो के प्रयास से इसकी सूचना सोशल मीडिया की मदद से पुलिस तक पहुंचाई। इसके बाद शनिवार-रविवार की दरमियानी रात कोहेफिजा पुलिस ने शव को पीएम के लिये हमीदिया अस्पताल मर्चुरी में रखवाते हुए उसके परिवार वालो को खबर दी। मृतक की पत्नि का कहना है कि पति की मौत कुत्ते के काटने से हुई है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से सागर का रहने वाला बबलू राणा पुत्र किशोरी राणा (32) करीब एक साल पहले पत्नी बच्चों के साथ काम करने के लिये भोपाल आया था। फिलहाल वो मेहनत-मजदूरी करते हुए परिवार के साथ सिंगारचोली ब्रिज के नीचे अन्य मजदूर परिवारो के साथ झुग्गी बनाकर रह रहा था। उसकी पत्नि का कहना है की बीते दिनों एक कुत्ते ने पति को काट लिया था। इसके बाद से ही उनकी तबीयत खराब रहने लगी थी। बाद में वह अजीब-अजीब आवाजें निकालने लगे थे। शनिवार रात को बबलू के मुंह से फैन निकलने लगा इससे पहले वह हॉस्पिटल जा पाते थोड़ी देर में ही उनकी मौत हो गई। पति की मौत के बाद उसकी पत्नी कई घंटो तक दो मासूम बच्चो के साथ पति के शव के पास बैठी रही।

# पेयजल संकट से निपटने के लिए नलकूप खनन के वेंडर बढ़ाये जाएंगे : स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह



बालाघाट (आरएनएस) । स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए, ऐसी व्यवस्था करें कि जिले में कही पर भी पानी का संकट न हो। उन्होंने कहा कि जिले में नलकूप खनन के साथ ही मोटर पम्प और राइजिंग पाइप सहित सभी व्यवस्थाएं तैयार रखें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त से भी पेयजल के संबंध में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नलकूप खनन के वेंडर की वर्तमान संख्या पर्याप्त नहीं है इसे बढ़ाया जाये। प्रभारी मंत्री श्री सिंह शनिवार को बालाघाट जिले के मलाजखंड में पेयजल व्यवस्था संबंधित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में वर्तमान जल संकट सहित कई विषयों पर चर्चा हुई।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पेयजल, बिजली और जल संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले 2 माह तक इन कार्यो पर लगकर कार्य करना आवश्यक है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किसानों को धान के साथ मक्का की फसल लेने की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिजली की 30 वर्षों की मांग को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पीएम आवास सहित आम नागरिकों के लिए रेत की व्यवस्था सुगमता से होनी चाहिए।बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, विधायक संजय उइके, मधु भगत, श्रीमती अनुभा मुंजारे, गौरव पारधी, विक्की पटेल, राजकुमार कर्राहे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### मलाजखण्ड लायब्रेरी अच्छा प्रयास

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने मलाजखंड नगर परिषद में बनाई गई लायब्रेरी का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना की। प्रभारी मंत्री श्री सिंह को अवगत कराया कि नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लायब्रेरी स्थापित करने के प्रयासों जारी है। उन्होंने पीएम आवास हितग्राही दलम सिंह के घर चाय और कोदो कुटकी का स्वादलिया।

### सामूहिक विवाह में हुए शामिल

प्रभारी मंत्री श्री सिंह मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने 285 नवदंपति के सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक नवदंपति को 49-49 हजार रूपये के चैक प्रदान किये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब हर विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड तैयार किया जायेगा। आपात स्थिति में ग्रामीणों के उपचार के लिये एयर लिफ्ट कर देश के बड़े अस्पतालों में उपचार कराया जायेगा।

## शहीद-मेला के आयोजन के संबंध में बैठक 15 अप्रैल को

शिवपुरी, (निप्र) अमर शहीद तात्या टोपे की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 एवं 19 अप्रैल 2025 को स्मारक स्थल पर शहीद-मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर 15 अप्रैल को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत सुभाषपुरा में 25 अप्रैल को ग्राम न्यायालय का आयोजन

शिवपुरी, (आरएनएस) । जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम न्यायालय की बैठक आयोजित की जाएगी। यह ग्राम न्यायालय ग्राम पंचायत भवनों में लगाए जाएगें। इसी क्रम में 25 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुरवाया में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा।

न्यायाधिकारी जनपद पंचायत शिवपुरी जितेन्द्र मेहर ने बताया है कि ग्राम न्यायालय के लिए तिथियां निर्धारित की गई है। जिसके तहत 25 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुभाषपुरा, 5 मई को ग्राम पंचायत सिरसौद, 19 मई को ग्राम पंचायत सतनवाड़ा, 09 जून को ग्राम पंचायत सुरवाया तथा 27 जून को ग्राम पंचायत सुभाषपुरा में ग्राम न्यायालय की बैठक होगी।

## गार्डन में काम करने वाले युवक ने फांसी लगाई

उज्जैन,(आरएनएस) । गार्डन में काम करने वाले युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है। सुरासा निवासी 32 वर्षीय महेश पिता रमेश मैरीज गार्डन में काम करता था। दोपहर में वह घर चला गया। गार्डन मालिक धीरज पटेल सुरासा पहुंचा और लौटते समय उसने महेश के घर जाकर दरवाजा बजाया। अंदर से दरवाजा नहीं खुला तो धक्का देकर खोला। अंदर देखा महेश फांसी के फंदे पर लटका था। परिजन ने बताया कि उसकी मां की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। वह अपने पिता के साथ रहता था।

## पत्नी का सिर फोड़ा और जमानत के बाद अस्पताल में भी धमकाने पहुंचा

उज्जैन, (आरएनएस) । एक व्यक्ति ने पत्नी का दीवार पर सिर पटककर फोड़ दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। घायल पत्नी अस्पताल में उपचार करा रही थी। जमानत के बाद वह अस्पताल पहुंचा और पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। घबराए परिजन उसे उज्जैन लाए और चरक अस्पताल में भर्ती कराया। रतलाम निवासी 30 वर्षीय सपना पति रवींद्र का मायका कालापत्थर में है। उसने बताया कि पिछले दिनों ससुराल में सास शांतिबाई से विवाद हो रहा था तभी पति ने बाल पकड़कर उसका सिर दीवार से टकराकर फोड़ दिया। गंभीर चोंट आने पर उसने डायल 100 पर सूचना दी। पुलिस ने सपना को अस्पताल में भर्ती कराया और पति को गिरफ्तार किया। दो दिन बाद रवींद्र जमानत पर छूटकर आया और अस्पताल पहुंचकर पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। सपना ने अपने पिता देवीलाल को इसकी जानकारी दी जिसके बाद परिजन उसे उज्जैन लेकर आए और चरक अस्पताल में भर्ती कराया।

## श्रीमद् भागवत कथा के पांडाल का हुआ भूमिपूजन

रतलाम, (आरएनएस)। श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा परम पूज्य श्री रामचन्द्र जी डोंगरे महाराज की प्रतिमा अनावरण एवं पूज्य गुरूदेव श्री उत्तम स्वामी जी महाराज जी की श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 24 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक त्रिवेणी मेला ग्राउंड रतलाम सम्पन्न होगी। श्रीमद् भागवत कथा हेतु पांडाल का भूमिपूजन कार्य अखंड ज्ञान आश्रम के श्री देव स्वरूपानंद जी के सानिध्य में हर हर महादेव के जयकारों के साथ मुख्य यजमान ओमप्रकाश सोनी पेटलावद वाले, बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट, सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में पंडित श्री संजय ओझा द्वारा विधि विधान से पूजन करवाकर आज हर्षोल्लास से संपन्न हुवा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान जल सहेजने के लिये रैली निकालकर भितरवार वासियों को किया जागरुक

### जन अभियान परिषद के तत्वावधान में भितरवार कस्बे में निकली रैली




ग्वालियर (आरएनएस) । पानी की बचत, वर्षा जल सहेजने, पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली फसलों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भितरवार में रविवार को जन जागरूकता रैली निकाली गई। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकली इस रैली में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जन अभियान परिषद के भितरवार विकासखंड के समन्वयक मनोज दुबे ने बताया कि यह रैली शासकीय महाविद्यालय भितरवार से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी। रैली में जल है तो जीवन है, धान नहीं मूँग उगाना है व पानी के अपव्यय को बचाना है, कम पानी में अधिक उपज जैसे नारे लगाते हुए रैली आगे बढ़ी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकली इस रैली में बर्षा शर्मा, सरिता शर्मा, कुलदीप नामदेव, कोमल सिंह रावत, आनन्दकवि, हरि बाथम, मनीष शर्मा, प्रदीप कुशवाह, रविन्द्र बाथम, सौरव कर्ण, रामू बघेल, लक्ष्मण बाथम, आकाश रावत, शिवानी गौतम, गरिमा भार्गव, रश्मि बाथम, निकिता जाटव, ममता रावत, बीना परिहार, सरिता बघेल, पूनम बघेल, रेनू रावत, श्रीदेवी प्रजापति, सोवरन बघेल सहित अन्य सेवाभावी नागरिकों ने सहभागिता की।

## मां बिजासन को नमन कर त्यागा शरीर

उज्जैन,(आरएनएस)। छत्री चौक क्षेत्र स्थित मां बिजासन मंदिर में एक बंदर ने मंदिर में प्रवेश कर माता की प्रतिमा के सामने दंडवत प्रणाम किया और वहीं अपने प्राण त्याग दिए। इस दृश्य का वीडियो और एक फोटो सोशल मीडिया पर सामने आया है। मंदिर में नियमित रूप से पूजन-अर्चन करने वाले श्रवण कुमार उज्जैनिया के अनुसार, यह घटना 6 अप्रैल की है। उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन वे मंदिर में पूजन की तैयारियों में व्यस्त थे।

तभी पास में रहने वाले एक लडके ने आकर बताया कि एक बंदर मंदिर के भीतर माता जी के सामने बैठा है। जब मंदिर पहुंचे तो देखा कि बंदर मूर्छित अवस्था में दंडवत मुद्रा में प्रतिमा के सामने पड़ा था। पानी पिलाकर और हिलाकर देखने की कोशिश की गई, लेकिन उसमें कोई हलचल नहीं थी। इसके बाद उसे मृत मानकर मंदिर परिसर से बाहर कर दिया गया।

## मलाजखण्ड लायब्रेरी अच्छा प्रयास, अपडेट करते रहें

### पीएम आवास के हितग्राही दलम सिंह के घर प्रभारी मंत्री ने कोदो-कुटकी की खीर खाई

बालाघाट (आरएनएस)। शिक्षा, परिवहन व जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान मलाजखण्ड नगर परिषद में बनाई गई लायब्रेरी का अवलोकन किया। साथ ही वे मलाझखण्ड के वार्ड करहु भी पहुँचे। मलाझखण्ड नगर परिषद में स्थापित लायब्रेरी के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान एसडीएम अर्पित गुप्ता ने प्रभारी मंत्री श्री सिंह को अवगत कराया कि नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लायब्रेरी स्थापित करने के प्रयासों जारी है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रयास अच्छे है। अब आगे इसका अपडेशन भी लगातार जारी रहे। इसके पश्चात वे मलाझखण्ड नगर परिषद सीमा क्षेत्र अन्तर्गत जनजातीय बस्ती करहू पहुँचे। यहां उनका स्वागत जनजातीय नृत्य संगीत के साथ किया गया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पीएम आवास हितग्राही दलम सिंह के घर चाय और कोदो कुटकी का स्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने श्री अन्न योजना के तहत पारंपरिक व्यवजनों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए है। उनके साथ पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर मृणाल मीना, एसपी नगेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ एडीएम जीएस धुर्वे, एसडीएम अर्पित गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक मौजूद रहें।

## व्यापार समाचार

## यूपीआई सर्वर फिर डाउन, देशभर में हजारों यूजर्स के पेमेंट अटके

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के सबसे लोकप्रिय डिजिटल पेमेंट सिस्टम, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) में शनिवार को एक बार फिर तकनीकी खराबी आ गई। इस गड़बड़ी के कारण देशभर में हजारों यूजर्स को पेमेंट करने और पैसे ट्रांसफर करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर को अचानक यूपीआई सेवाएं बाधित हो गईं। इसका असर गूगल पे (Google Pay), फोनपे (PhonePe), और पेटीएम (Paytm) समेत लगभग सभी प्रमुख यूपीआई ऐप्स पर देखने को मिला। यूजर्स ने शिकायत की कि वे न तो किसी को पैसे भेज पा रहे हैं और न ही पेमेंट प्राप्त कर पा रहे हैं।

आउटेज को ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर भी यूपीआई डाउन होने की शिकायतों का अंबार लग गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक ही यूपीआई में समस्या की शिकायत करने वाले यूजर्स की संख्या 1,000 के आंकड़े को पार कर गई थी।

परेशान यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर ट्विटर (X), पर भी अपनी भड़ास निकाली। कई लोगों ने पेमेंट फेल होने के स्क्रीनशॉट साझा किए और संबंधित बैंकों तथा NPCI (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) से जल्द समाधान की मांग की।

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब यूपीआई सिस्टम में इस तरह की दिक्कत आई है। कुछ ही दिन पहले भी यूपीआई सेवाएं अचानक ठप हो गई थीं, जिससे लाखों यूजर्स प्रभावित हुए थे और घंटों तक कोई भी यूपीआई ट्रांजैक्शन नहीं कर पा रहे थे। बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं ने यूपीआई सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## वैश्विक टेक्नोलॉजी विकास के लिए ग्लोबल हब के रूप में उभर रहा भारत !

नई दिल्ली (ए) । दिग्गज विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि भारत तेजी से वैश्विक प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक सेंट्रल हब बन रहा है। ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट के अवसर पर आईएएनएस से बातचीत में एक्सपर्ट्स ने टेक्नोलॉजी के भविष्य को आकार देने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने से लेकर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) में इनोवेशन को लेकर भारत की भूमिका उजागर की।

साइबर अफेयर्स और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी के लिए ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ब्रेंडन डॉवलिंग ने भारत की मेजबानी की सराहना की। इसे उन्होंने एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम बताया।उन्होंने कहा कि यह समिट नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और थिंक टैंकों को टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति के बीच गहरे अंतर-संबंध पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। उन्होंने आईएएनएस से कहा, मुझे लगता है कि यह समिट वास्तव में एक प्रमुख वैश्विक आयोजन बन गया है। यह नीति निर्माताओं और उद्योग थिंक टैंकों को भू-राजनीति और टेक्नोलॉजी के बारे में बात करने के लिए एक साथ लाता है। उनके अनुसार, टेक्नोलॉजी अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और समृद्धि के मूल में है और भारत का कुशल आईसीटी वर्कफोर्स और संपन्न सॉफ्टवेयर उद्योग इसे वैश्विक तकनीकी क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक आवश्यक भागीदार बनाता है।

# रेलवे तत्काल टिकट: 15 अप्रैल से बुकिंग टाइमिंग में बदलाव की खबर वायरल, IRCTC ने बताई सच्चाई

नई दिल्ली (ए)। लंबी दूरी की यात्रा के लिए भारतीय रेल को सबसे सुरक्षित, किफायती और लोकप्रिय माध्यम माना जाता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव को लेकर कुछ खबरें तेजी से वायरल हो रही थीं। इन खबरों में दावा किया जा रहा था कि 15 अप्रैल 2025 से रेलवे तत्काल टिकट बुकिंग की टाइमिंग बदलने जा रहा है। इस खबर ने कई रेल यात्रियों के बीच कन्फ्यूजन पैदा कर दिया था। हालांकि, अब इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC) ने खुद इस मामले पर स्थिति स्पष्ट की है।

क्या थी वायरल खबर?

दरअसल, सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं में कहा जा रहा था कि भारतीय रेलवे, जो रोजाना करोड़ों लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाता है, 15 अप्रैल 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के समय में बदलाव करने वाला है। वायरल पोस्ट्स में यह भी दावा किया गया कि सामान्य तत्काल और प्रीमियम तत्काल टिकटों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया जा सकता है।

IRCTC ने दूर किया भ्रम, जारी किया स्पष्टीकरण

इस वायरल खबर से यात्रियों के बीच बढ़ती असमंजस को देखते हुए IRCTC ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' (पूर्व में ट्विटर) पर एक आधिकारिक बयान जारी किया है। IRCTC ने स्पष्ट किया है कि तत्काल टिकट बुकिंग के समय में किसी भी प्रकार का बदलाव




न तो प्रस्तावित है और न ही ऐसा कोई बदलाव लागू किया जा रहा है।

IRCTC ने अपने पोस्ट में लिखा, सोशल मीडिया चैनलों पर कुछ पोस्ट प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें तत्काल और प्रीमियम तत्काल टिकटों के लिए अलग-अलग समय का उल्लेख किया गया है। AC या Non-AC क्लास के लिए तत्काल या प्रीमियम तत्काल बुकिंग समय में इस तरह का कोई बदलाव प्रस्तावित नहीं है। एजेंटों के लिए भी बुकिंग का समय अपरिवर्तित रहेगा।

**अभी क्या हैं तत्काल टिकट बुकिंग के नियम?**

यात्रियों की जानकारी के लिए बता दें कि मौजूदा व्यवस्था के तहत तत्काल ई-टिकट यात्रा की तारीख से ठीक एक दिन पहले बुक किए जा सकते हैं। एसी क्लास (AC Classes - wA, xA, CC, EC, xE): बुकिंग सुबह 10:00 बजे शुरू होती है। नॉन-एसी क्लास (Non-AC Classes - SL, FC, wS): बुकिंग सुबह 11:00 बजे शुरू होती है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि फर्स्ट एसी (First AC) क्लास में तत्काल टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है। तत्काल टिकट IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट और ऐप के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं, जिसमें सीमित संख्या में सीटें थोड़े अतिरिक्त शुल्क पर उपलब्ध होती हैं।

**तत्काल टिकट कैंसिलेशन और शुल्क**

तत्काल टिकट पर लगने वाला अतिरिक्त शुल्क सेकंड क्लास के लिए मूल किराए का 10 प्रतिशत और अन्य सभी क्लास के लिए मूल किराए का 30 प्रतिशत निर्धारित है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि आपका तत्काल टिकट कन्फर्म हो जाता है, तो इसे कैंसिल करने पर कोई रिफंड (पैसा वापसी) नहीं मिलता है। हालांकि, अगर तत्काल टिकट वेटिंग लिस्ट में है और आप उसे कैंसिल करते हैं, तो रेलवे के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार लागू कटौती के बाद रिफंड दिया जाता है।अतः रेल यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों से मिली जानकारी पर ही भरोसा करें। IRCTC ने स्पष्ट कर दिया है कि तत्काल बुकिंग के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## अजमेरा रियलिटी की चौथी तिमाही की बिक्री में 13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

नई दिल्ली (ए)। अजमेरा रियलिटी एंड इंफ्रा इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंपनी का बिक्री मूल्य 13 प्रतिशत घटकर 250 करोड़ रुपये रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में यह 287 करोड़ रुपये था। कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, इस तिमाही में रियल एस्टेट कंपनी का कलेक्शन भी घटकर 182 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि के 197 करोड़ रुपये से 8 प्रतिशत कम है। हालांकि, कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में स्थिर प्रदर्शन किया। अजमेरा रियलिटी ने वित्त वर्ष 2025 में 1,080 करोड़ रुपये की कुल बिक्री हासिल की, जो वित्त वर्ष 2024 के 1,017 करोड़ रुपये से 6 प्रतिशत अधिक है।इस साल कलेक्शन भी 13 प्रतिशत बढ़कर 646 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 570 करोड़ रुपये था। इस बीच, वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही के 35.35 करोड़ रुपये से घटकर 33.89 करोड़ रुपये रह गया,

## मार्केट आउटलुक : तिमाही नतीजे, महंगाई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुख

मुंबई (ए)। भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। तिमाही नतीजे, खदुरा एवं थोक महंगाई के आंकड़े, अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर नया अपडेट और वैश्विक स्तर पर जारी आने वाले डेटा का शेयर बाजार पर असर देखने को मिल सकता है।

अगले हफ्ते इरडा, एचडीएफसी लाइफ, इन्फोसिस, टाटा इलेक्सी, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी कंपनियों की ओर से वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े भी अगले हफ्ते जारी किए जा



सकते हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिका की ओर से इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और जॉबलेस क्लेम जैसे अहम डेटा जारी किए जाएंगे। वहीं, चीन द्वारा 2025 की पहली तिमाही का जीडीपी डेटा जारी किया जा सकता है। अगर यह डेटा मजबूत होता है, तो वैश्विक बाजारों पर इसका सकारात्मक असर हो सकता है। 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में कारोबार मिलाजुला रहा। निफ्टी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,828 और सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,157 पर बंद हुआ। टैरिफ के कारण पैदा हुई चिंताओं के कारण बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हफ्ते के दौरान निफ्टी ने 21,743 का न्यूनतम स्तर छुआ। हालांकि, बाद में इसमें मजबूत रिकवरी देखने को मिली। सेक्टोरल इंडेक्स में एफएमसीजी का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वहीं, रियल्टी सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट हुई।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं

उम्मीद विधेयक राज्य सभा से भी पारित हो गया और अब इसके विधिवत कानून बनने में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की औपचारिकता भर रह गई है। इस पर करीब 13 घंटे की लंबी बहस राज्य सभा में भी हुई। सरकारी पक्ष ने अपने उन्हीं तकरे को और अधिक वजनदारी के साथ आगे बढ़ाया जो उसने लोक सभा में रखे थे। यहां उम्मीद थी कि विपक्ष के खामियों का समुचित जवाब देंगे जो खामियां इस विधेयक को लाने का कारण बनी, लेकिन मुस्लिम वक्ताओं के साथ-साथ विपक्षी वक्ता भी इसे असंवैधानिक बताते रहे।

यानी वे मुसलमान के इसी तर्क की पुष्टि करते रहे कि वक्फ बोर्ड अल्लाह के लिए है, इस्लामी कानून के तहत है, शरीयत की विधियों से संचालित है। इसलिए इसमें दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस बहस ने कथित धर्मनिरपेक्षता का वह चेहरा फिर से उजागर कर दिया कि इस्लामी विधियों और प्रावधानों के साथ खड़े होना, भले ही वह आधुनिक युग में कितने भी निर्थक क्यों ना हो गई हो, धर्मनिरपेक्षता है। यह धर्मनिरपेक्षता अंतत- उन्हें कहां ले जाएगी यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन हाल-फिलहाल इसकी बुरी तरह पराजय हुई है। विपक्ष अगर सचमुच इस मामले में अपनी साख बचाना चाहता है तो उसे यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वक्फ कानून नये संशोधनों के साथ अस्तित्व में आ गया है। अब उसको ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहिए कि इस नये कानून के आलोक में वक्फ बोर्ड भू-माफियाओं और निजी लाभ को पाने वाले स्वार्थी समूह की गिरफ्त से बाहर आए और उसका लाभ मुसलमान तक पहुंचे जो उसके वास्तविक हकदार हैं। विपक्ष को मुल्ला, मौलानाओं और मुसलमान की राजनीति करने वाले राजनेताओं का मोह त्याग कर पसमांदा और सबसे निचली पायदान पर खड़े मुसलमानों के हित की वास्तविक लड़ाई लड़नी चाहिए।ध्यान रखना चाहिए कि मुस्लिम राजनीति गरीब मुसलमानों की आंख पर पट्टी बांधकर उनका दोहन, शोषण करती रही है और उन्हें अपने राजनीतिक हितों का मोहरा बनती रही है। इन मुसलमानों को कट्टरपंथी और स्वार्थी समूहों के चंगुल से बाहर निकलना समय की मांग है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विपक्ष इस मांग को सुनेगा और अपनी मौजूदा नीति से बाहर निकाल कर निम्नवर्गीय मुसलमानों के हित में संघर्ष करेगा।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में बवेरिया के मंत्री-राष्ट्रपति मार्कस सेडर से मुलाकात कर भारत-जर्मनी और यूरोपीय संघ के सहयोग को आगे बढ़ाने में बवेरिया की भूमिका पर चर्चा की।

# डॉ. बीआर अम्बेडकर की न्याय हेतु अविरल यात्रा



( अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल पर विशेष )

बाबा साहेब डॉ बी आर। अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नगर में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और उनकी माता का नाम भीमाबाई सकपाल है। डॉ बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने बचपन से ही जाति भेदभाव और असमानता का सामना किया। वे ज़िंदगी भर समाज में अधिकार, समानता और न्याय के लिए संघर्ष करते रहे। उन्हें बचपन से ही पढ़ने का शौक था। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और अंततः लंदन के अंग्रेजी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद भारत लौटे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। भारत लौटने के बाद उन्होंने अपना जीवन सामाजिक सुधार कार्यों में लगा दिया। वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की। इसके बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता। डॉ अम्बेडकर ने देश की आजादी में भी अहम योगदान दिया। साथ ही पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने के साथ ही दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की। डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी व उनका का परिवार संत कबीर की विचारधारा से खासा प्रभावित था और संत कबीर के ज्ञान को आधार बनाकर जीवन जीता था। हिंदू पंथ में व्याप्त कुरूतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकार सन 1951 में बाबा साहब ने बौद्ध धर्म अपना लिया था। 14 अप्रैल को उनका जन्म दिवस आम्बेडकर जयंती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है। बाबा साहब का महापरिनिर्वाण 6 दिसंबर 1956 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में हुआ, इस दिन को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाबा साहेब का पूरा नाम भीमराव रामजी बेडकर हैं। आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में स्थित महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमा बाई की 14 वीं व अंतिम संतान थे। आम्बेडकर के दादा का नाम मालोजी सकपाल था। उनका परिवार कबीर पंथ को मानने वाला मराठी मूल का था और वो वर्तमान महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गाँव के निवासी थे। वे दलित महार जाति से संबंध रखते थे, जो तब अछूत कही जाती थी। भीमराव आम्बेडकर के पूर्वज लंबे समय से ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्यरत रहे थे और उनके पिता रामजी सकपाल, भारतीय सेना की महू छावनी में सेवारत थे। यहां काम करते हुए वे सूबेदार के पद तक पहुँचे थे। उन्होंने मराठी और अंग्रेजी में औपचारिक शिक्षा प्राप्त की थी। 1896 में आम्बेडकर जब पाँच वर्ष के थे तब उनकी माँ की मृत्यू हो गई थी। मां के निधन के बाद उन्हें बुआ मीराबाई संभाला, जो उनके पिता की बड़ी बहन थी। मीरा बाई के कहने पर रामजी ने जीजा बाई से पुनर्विवाह किया ताकि बालक भीमराव को माँ का प्यार मिल सके। बालक भीमराव जब पाँचवी अंग्रेजी कक्षा पढ रहे थे, तब उनकी शादी रमाबाई से हुई। रमाबाई और भीमराव को पाँच बच्चे भी हुए जिनमें चार पुत्र यशवंत, रमेश, गंगाधर, राजरत्न और एक पुत्री इन्दु थी। किंतु यशवंत को छोड़कर सभी संतानों की बचपन में ही मृत्यु हो गई थीं। प्रकाश, रमाबाई, आनंदराज तथा भीमराव यह चारो यशवंत आम्बेडकर की संतानें हैं। मुंबई में बाबा साहब के परिवार में यशवंत (बेटे), डॉ। आम्बेडकर, रमाबाई (पत्नी), लक्ष्मीबाई (उनके बड़े भाई बलराम की पत्नी), मुकुंद (भतीजे) और इसके साथ ही उनका कुत्ता टोबी भी उनके साथ रहता था। प्रकाश आम्बेडकर, भारिपा बहुजन महासंघ का नेतृत्व करते हैं और भारतीय संसद के दोनों सदनों के सदस्य रह चुके हैं। भीमराव आंबेडकर ने दो शादियां की थीं। उनकी पहली पत्नी का नाम रमाबाई आंबेडकर और दूसरी पत्नी का नाम सविता आंबेडकर हैं। आम्बेडकर जी की पहली पत्नी रमाबाई की लंबी बीमारी के बाद 1935 में निधन हो गया।भारत रत्न, महान मर्मज्ञ, अर्थशास्त्री, संविधान शिल्पी, आधुनिक भारत की नींव रखने वाले, इतिहास के ज्ञाता, तत्वज्ञानी, मानव शास्त्र के ज्ञाता, कानूनविद, मानवाधिकार के संरक्षक, पाली साहित्य के अध्ययनकर्ता, महान लेखक, समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ, संपादक, बौद्ध साहित्य के अध्ययनकर्ता, मजदूरों के मसीहा, इतिहासविद, प्रोफेसर, शिक्षाविद्, आजाद भारत के पहले कानून मंत्री डॉ। भीमराव आंबेडकर जिन्हें पूरी दुनिया प्यार और सम्मान के साथ बाबा साहब के नाम से पुकारती है। वह अपने युग के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे राजनेता और एवं विचारक थे। 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उनका मूल नाम भीमराव है। यूं तो इतिहास में कई महापुरूष हुए लेकिन बाबा साहब जैसा शायद ही कोई हुआ हो। बाबा साहेब ने अपने विचार और काम, दोनों के जरिए समाज को जो दिया वैसा योगदान किसी और का नहीं है। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, संवैधानिक, शैक्षणिक सहित शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जिसमें बाबा साहब का योगदान ना हो। बाबा साहब चाहते थे कि दलितों को जो अधिकार मिलने चाहिए, वे उन्हें हासिल हों, देश-समाज में उनका सम्मान बढ़े, दलितों का स्तर ऊँचा उठे और उन्हें बराबरी का दर्जा हासिल हो। बाबा साहब ने कहा कि उनका जीवन तीन गुरुओं और तीन उपास्यों से कामयाब बना है। उन्होंने जिन तीन महान व्यक्तियों को अपना गुरु माना, उसमे उनके पहले गुरु थे तथागत गौतम बुद्ध, दूसरे थे संत कबीर और तीसरे गुरु थे महात्मा ज्योतिराव फुले थे। उनके तीन उपास्य थे ज्ञान, स्वाभिमान और शील। आज भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के और भी कई देशों में आम्बेडकरवाद का प्रचार और प्रसार हो रहा है। स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, बौद्ध धर्म, विज्ञानवाद, मानवतावाद, सत्य, अहिंसा ही आम्बेडकरवाद के सिद्धान्त हैं। छुआछूत को खत्म करना, दलितों में सामाजिक सुधार, भारतीय संविधान में निहीत अधिकारों तथा मौलिक हकों की रक्षा करना, जातिमुक्त समाज की रचना ही इसका मकसद है। आम्बेडकरवाद सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक विचारधारा है। बता दें कि वह कुल 64 विषयों में मास्टर थे, 32 डिग्रियों के साथ 9 भाषाओं के जानकार थे, इसके साथ ही उन्होंने विश्व के सभी धर्मों के बारे में पढ़ाई की थी। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में मात्र 2 साल 3 महीने में 8 साल की पढ़ाई पूरी की थी। वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से 'डॉक्टर ऑल साइंस' नामक एक दुर्लभ डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले भारत के ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के पहले और एकमात्र व्यक्ति हैं।1940 के दशक के अंत में भारतीय संविधान के मसौदे को पूरा करने के बाद, वह नींद के अभाव से पीड़ित थे, उनके पैरों में न्यूरोपैथिक दर्द था और इंसुलिन और होम्योपैथिक दवाएं ले रहे थे। वह उपचार के लिए बॉम्बे (मुम्बई) गए और वहां डॉक्टर शारदा कबीर से मिले, जिनके साथ उन्होंने 15 अप्रैल 1948 को नई दिल्ली में अपने घर पर विवाह किया था।

# साइबर युग में फंसती जा रही आने वाली पीढ़ी

नृपेंद्र अभिषेक नृप

आज के समय में डिजिटल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अभिन्न अंग बन चुका है। बच्चों और किशोरों के लिए इंटरनेट केवल एक मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह उनके मानसिक विकास, सामाजिक पहचान और मूल्यों को आकार देने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह डिजिटल युग हमारे बच्चों के लिए सुरक्षित है? क्या सोशल मीडिया कंपनियां मुनाफे की दौड़ में बच्चों की सुरक्षा को नजरअंदाज कर रही हैं? हाल के वर्षों में कई घटनाओं और शोध ने इस चिंता को और प्रबल कर दिया है कि किस प्रकार सोशल मीडिया के प्रभाव से किशोरों की मानसिकता और उनके व्यवहार पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

फिक्की-ईवाई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में डिजिटल मीडिया ने टेलीविजन को पछाड़कर मनोरंजन उद्योग में सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला माध्यम बन गया है। भारत में 40 फीसद से अधिक मोबाइल फोन उपयोग का समय सोशल मीडिया पर बिताया जाता है। यह आंकड़ा बताता है कि इंटरनेट अब न केवल संचार का साधन है, बल्कि यह बच्चों की दुनिया का एक बड़ा हिस्सा बन चुका है। किशोरों के लिए सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन गया है जहां वे अपनी पहचान बनाते हैं, दोस्त बनाते हैं और खुद को अभिव्यक्त करते हैं, लेकिन इस जुड़ाव के गंभीर परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

नेटफ्लिक्स की चार-भागों वाली डॉक्यूमेंट्री 'किशोरावस्था' ने इस मुद्दे को और गहराई से उजागर किया है। इसमें एक 13 वर्षीय लड़के द्वारा अपनी सहपाठी की हत्या की घटना को दिखाया गया है। यह एक चरम मामला हो सकता है, लेकिन इससे यह स्पष्ट होता है कि ऑनलाइन प्रभाव किस हद तक किशोर मन को प्रभावित कर सकता है। इंटरनेट पर मौजूद 'टॉक्सिक मैस्कुलिनिटी', घृणास्पद विचारधाराएं, और चरमपंथी विचारधाराएं किशोरों के मन में गहरी पैठ बना सकती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स का एल्गोरिदम उपयोगकर्ताओं की रुचि के अनुसार कंटेंट प्रदर्शित करता है। इस एल्गोरिदम का उद्देश्य अधिक से अधिक उपयोगकर्ताओं को प्लेटफार्म पर बनाए रखना है, भले ही इसके परिणाम किशोरों की मानसिकता पर नकारात्मक हों।

एक बार अगर कोई किशोर किसी विशेष प्रकार की सामग्री देखने लगता है, तो एल्गोरिदम उसे लगातार उसी तरह की सामग्री दिखाने लगता है। यह प्रक्रिया किशोरों को 'रेबिट होल' में धकेल सकती है, जहां वे खुद को एक अंधकारमय और हानिकारक डिजिटल दुनिया में फंसा पाते हैं। जब भी किशोरों के गलत कार्य की बात होती है, तो स्वाभाविक रूप से माता-पिता पर जिम्मेदारी आती है, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि क्या माता-पिता अकेले ही इस समस्या को हल कर सकते हैं? ऑनलाइन प्लेटफार्म्स पर बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखना आज के दौर में अत्यंत कठिन हो गया है। बच्चे अक्सर अपने माता-पिता से छुपाकर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और कई बार वे अपने वास्तविक उम्र से बड़ी उम्र का प्रमाण देकर प्रतिबंधों को पार कर लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसे कुछ देशों में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव लाया गया है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे नियम व्यावहारिक रूप से प्रभावी नहीं हो सकते, क्योंकि किशोर अक्सर तकनीकी उपायों से इन प्रतिबंधों को दरकिनार कर सकते हैं। यह समस्या केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक स्तर पर नीति-निर्माण और सामाजिक चेतना का भी विषय है। फेसबुक की पूर्व कर्मचारी फ्रांसेस हॉगन ने 2021 में इस बात का खुलासा किया था कि कंपनी के आंतरिक अध्ययन से यह सामने आया कि सोशल मीडिया पर मौजूद चरमपंथी विचारधाराएं, आत्मघाती प्रवृत्तियां, और अवसादग्रस्त करने वाली सामग्री किशोरों के लिए हानिकारक साबित हो रही हैं। इसके बावजूद, कंपनी ने अपने मुनाफे को प्राथमिकता दी और इन खतरों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि इन प्लेटफार्मोकी जवाबदेही तय की जाए। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल व्यक्तिगत प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए व्यापक सामाजिक और सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

सबसे पहले, कानूनी नियमन के तहत सरकारों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के लिए सख्त नियम लागू करने होंगे, ताकि वे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उदाहरण के लिए, आयु सत्यापन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक है, जिससे नाबालिगों को अनुचित सामग्री से बचाया जा सके और उनकी ऑनलाइन गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण रखा जा सके।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

वृष राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आप किसी काम को नए सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज आपके कार्य समय से पूरे होते चले जाएंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन का बोझ थोड़ा हल्का होगा। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है। छात्रों के लिए दिन ठीक है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा। साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। घर का माहौल बेहतर बना रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। अगर आप स्टूडेंट हैं और किसी विषय के लिए ट्यूशन क्लासेज लेना चाहते हैं, तो आज से शुरू कर सकते हैं।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे।

तुला राशि- आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आपको अपने करियर का बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे, लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। आपको अपना काम समय पर पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। किसी नए बिजनेस की शुरुआत के लिए पैसा उधार लेना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्रांग रहेंगे। इंजीनियर्स को बड़ा फायदा होगा। इस राशि के मैनेजर पोस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद लेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनाएंगे। इससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। आपके धन-संपत्ति में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जाएगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। आज आप अपनों की मदद के लिए तैयार रहेंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे।

मीन राशि- आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं।

# गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़ा

पंकज चतुर्वेदी

भारत के सबसे बड़े महानगरों में से एक मुंबई की प्यास बुझाने का दारोमदार जिन सात जलाशयों पर है, उनमें मार्च के चौथे हफ्ते में ही महज 37.67 प्रतिशत पानी बच रह गया। इन जलाशयों में फिलहाल 5 लाख 45 हजार 183 मिलियन लीटर पानी है।

दावा है कि यह जल बमुश्किल मई महीने तक चल पाएगा। हर दिन 400 करोड़ लीटर पेयजल की मांग वाले इस महानगर में समय से पहली आई गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़ दिया है। गर्मी के कारण जलाशयों में वाष्पीकरण तेज हो गया है। इसलिए जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है।

देश के दूसरे संरक्षित जलाशयों के हालात भी मुंबई से बेहतर नहीं हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश के अधिकांश बड़े जलाशयों में पानी उनकी कुल क्षमता के मुकाबले 45त्न तक कम हो गया है। वहीं, मौसम विभाग ने मार्च से मई के बीच भीषण गर्मी की चेतावनी दी है, तीखी गर्मी यानी जमा जल का अधिक वाष्पीकरण। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, देश के 155 प्रमुख जलाशयों में फिलहाल 8,070 करोड़ क्यूबिक मीटर (बीसीएम) पानी बचा है, जबकि इनकी कुल क्षमता 18,080 करोड़ क्यूबिक मीटर है। जलाशय आरक्षित जल-कुंड हैं, जो खेती-किसानी की जान होते हैं। अभूत से कल-कारखाने भी इनके पानी पर निर्भर हैं।

पेयजल तो है ही। यदि इन जलाशयों में पानी पर वाष्पीकरण की चोट गहरी हुई तो जान लें कि रबी और खरीफ के बीच तीसरी फसल लेने वाले खेत खाली ही रहेंगे। यदि जलाशय खाली, नदी सूखी तो बहुत सी जल विद्युत परियोजनाओं का ठप होना भी तय है। चिलचिलाती गर्मी में बिजली की कमी बड़े स्तर पर हाहाकार का न्योता है। संकट अकेले जलाशयों का नहीं है, नदियां भी समय से पहले सूख रही हैं। नदियों का सूखना अकेले पानी की कमी ही नहीं होता, इससे समूचे पर्यावरणीय तंत्र का नुकसान होता है। जमीन की नमी कम होने से ले कर जल-जंगल के जीव तक इससे प्रभावित होते हैं, और यह समूचा तंत्र जंगलों के नुकसान का कारण बनता है।



खून से लाल बस्तर की जीवन रेखा कहलाने वाली इंद्रावती नदी फरवरी के अंतिम हफ्ते में ही मैदान बन गई। बालाघाट की बावन थड़ी नदी हो या फिर अम्बिकापुर की बांकी नदी या बदायूं की सोत नदी, हर जगह जलधर की जगह रेत का मैदान है और लगता है कि नदी वास्तव में पानी के लिए नहीं, बल्कि बालू के लिए होती है। यह बात सीडब्ल्यूसी कह रहा है कि देश की 20 नदी घाटियों में से 14 में मौजूदा जल भंडार उनकी क्षमता के मुकाबले आधे से भी कम है। इन नदी बेसिनों में से गंगा अपनी सक्रिय क्षमता के मुकाबले मात्र 50 फीसद पर है, जबकि गोदावरी में 48, नर्मदा में 47 और कृष्णा में 34 फीसद पानी ही शेष बचा है। यह परिदृश्य भूजल के लिए सबसे बड़ा खतरा है और हमारे देश की अधिकांश ग्रामीण जल योजनाएं भूजल पर ही निर्भर हैं। बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ का ही परिणाम है कि बिहार की 90 फीसद नदियों में पानी नहीं बचा। कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि-कई-कई धाराओं में बहती थीं जो आज नदारद हैं। झारखंड की 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में दर्ज हो चुकी है। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियां नाला बना चुकी हैं। चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम घने जंगल वाले जिले हैं, जहां कुछ ही सालों में सात से 12 नदियों की जल धारा मर गई।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। अभी तक तो कम बरसात की आंशका होते ही दाल, सब्जी व अन्य उत्पादों के दाम बाजार में आसमानी हो जाते थे लेकिन अब बाजार पर सबसे अधिक असर गर्मी के आंकड़ों का है। इसके बावजूद बढ़ते तापमान के साथ पानी के इस्तेमाल की हमारी आदतें नहीं सुधर रहीं। असल में हमने पानी को ले कर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डाल कर पानी खींचना होता था या चापाकल चला कर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में भी हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

## वक्फ अधिनियम में संशोधन

राम पुनियानी

वक्फ अधिनियम को संशोधित कर दिया गया है। संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने और राष्ट्रपति का अनुमोदन हासिल होने के बाद यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट एक्ट 2025 लागू हो गया है। इसके पारित होने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने कहा था कि अब अन्य समुदायों की धार्मिक संपत्तियों को निशाना बनाया जायेगा। ठीक यही हुआ। संसद में विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद आरएसएस के मुखपत्र द आर्गेनाइजर ने कैथोलिक चर्च की संपत्ति के बारे में एक लेख प्रकाशित किया। यद्यपि यह लेख प्रकाशन की वेबसाइट से तुरंत हटा लिया गया मगर जो सन्देश दिया जाना था, वह दे दिया गया है।झारखण्ड की एक मंत्री ने आशंका जाहिर की कि आरएसएस-भाजपा इसी तरह आदिवासियों की संपत्ति को भी हड़पने का प्रयास करेंगे। अगला शिकार कौन होगा, यह अभी कहना मुश्किल है। विधेयक पर बहस के दौरान एनडीए के गैर-भाजपा घटक दलों के नेताओं जैसे नीतीश कुमार, चन्द्रबाबू नायडू, चिराग पासवान और जयंत चौधरी भी भाजपा के पिछलग्गू बन गए और मुस्लिम समुदाय को बहुत बड़ा धोखा दिया। अगर वे बहुवाद के सिद्धांत में विश्वास रखते होते तो विधेयक को पारित होने से रोक सकते थे। जैसा कि पास्टर मार्टिन निमोलर की ख्यात कविता साफ़ बताती है कि फासीवादी एक बार में एक समूह को निशाने पर लेते हैं।

K ✌ K

राष्ट्रीय समाचार





# गर्मी से फिर तपेगा दिल्ली-एनसीआर, अगले हफ्ते से चलेगी लू; आईएमडी का ताजा अपडेट




नई दिल्ली,(आरएनएस)। राजधानी में शुक्रवार शाम को तेज आंधी और वर्षा के कारण शनिवार को तापमान सामान्य से नीचे आ गया. इस वजह से गर्मी से राहत रही. राजधानी के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में शनिवार को कमी दर्ज की गई. दिन भर आंशिक रूप से बादल छाए रहे और सुबह कुछ स्थानों पर मामूली बारिश दर्ज की गई. हालांकि दिन में कहीं बारिश नहीं हुई. आईएमडी के अनुसार दिल्ली में शनिवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम था. वहीं न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में रविवार को आसमान साफ रहेगा. 30 से 40 किलोमीटर घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी. इस दौरान अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है. सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है. बुधवार से शुक्रवार तक लू चल सकती है. इस दौरान अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है. वहीं दिल्ली का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि, पीढ़ियां याद रखेंगी : पीएम मोदी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जलियांवाला बाग की शहादत याद दिलाई है। उन्होंने मासूम लोगों के बलिदान को स्वतंत्रता संग्राम का एक अहम मोड़ भी बताया है।प्रधानमंत्री मोदी ने बैसाखी के दिन दो पोस्ट की। पहले में बैसाखी की शुभकामनाएं दीं तो दूसरे में भारतीय इतिहास के काले अध्याय को याद दिलाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। आने वाली पीढ़ियां उनके अदम्य साहस को हमेशा याद रखेंगी। यह वास्तव में हमारे देश के इतिहास का एक काला अध्याय था। उनका बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ बन गया।पीएम मोदी से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी एक्स पोस्ट में उस नरसंहार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का काला अध्याय बताया। उन्होंने इसे अंग्रेजी हुकूमत की अमानवीयता की पराकाष्ठा बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जलियांवाला बाग नरसंहार को याद करते हुए लिखा- जलियांवाला बाग के अमर बलिदानियों को हम सिर झुकाकर नमन करते हैं। कृतज्ञ राष्ट्र उन नि:शस्त्र स्वाधीनता सेनानियों की देशभक्ति, उनके साहस, समर्पण, त्याग और नि:स्वार्थ बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। आजादी की लड़ाई में उनकी शहादत का अमिट योगदान अविस्मरणीय रहेगा।



भारत के सुरक्षा और विध्वंस विशेषज्ञ इंजीनियरों की एक टीम नेपीताव और मांडले में भूकंप से प्रभावित कई स्थलों के निरीक्षण के बाद, इरावदी नदी पर पुराने अवा रेलवे पुल की संरचनात्मक अखंडता का आकलन करने में म्यांमार के अधिकारियों की सहायता की।

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने सामाजिक परंपराओं और विविधता में एकता के प्रतीक बैसाखी की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशवासियों को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। नेताओं ने इसे एकता, समृद्धि और नई शुरुआत का पर्व बताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने एक्स हैंडल पर किए पोस्ट में लिखा- वैशाखी, विषु, बोहाग बिहू, पोयला बोइशाख, मेषादी, वैशाखादि और पुतादुं पिरापु के शुभ अवसर पर मैं भारत और अन्य देशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में इन त्योहारों को सांस्कृतिक एकता और खुशी का प्रतीक बताया। लिखा- देश के विभिन्न भागों में फसल कटाई के समय मनाए जाने वाले ये पर्व हमारी सामाजिक परम्पराओं और विविधता में एकता के प्रतीक हैं। इन त्योहारों के द्वारा हम अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करते हैं । ये पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण और भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रसार का भी संदेश देते हैं। मैं कामना करती हूं कि ऊर्जा और उल्लास से भरपूर ये त्योहार हमें अपने राष्ट्र के विकास में दृढ संकल्प के साथ योगदान देने के लिए प्रेरित करें।




केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

## मकान में लगी भीषण आग, मां और दो मासूम बच्चे जिंदा जले; पिता गंभीर

बस्ती (आरएनएस)। हर्रैया कस्बे की अंजहिया गली में रविवार तड़के चार बजे एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे में कमरे में सो रही महिला और उसके दो मासूम बच्चों की दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से झुलस गए।

बताया जा रहा है कि सुनील कुमार के मकान के प्रथम तल पर अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। उस वक्त कमरे में सुनील की पत्नी पूजा केसरवानी (32), चार वर्षीय बेटी सौरभी और चार माह का बेटा सो रहे थे। आग से उठे धुएं में दम घुटने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उन्हें बचाने की कोशिश में सुनील कुमार बुरी तरह झुलस गए।मौके पर पहुंची हर्रैया पुलिस ने सुनील को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सुबह करीब छह बजे पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

# संभल में अंबेडकर जयंती से पहले की गई साफ-सफाई, बनाया सेल्फी प्वाइंट

संभल, (आरएनएस)। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार (14 अप्रैल) को धूमधाम से मनाई जाएगी। बाबा साहेब की जयंती को लेकर यूपी के संभल में तैयारियां जोरों पर हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर अंबेडकर पार्क की सफाई और मरम्मत का कार्य चल रहा है।

दरअसल, बाबा साहेब की जयंती को लेकर संभल के हयात नगर में स्थित अंबेडकर पार्क की रंगाई-पुताई का काम किया जा रहा है। साथ ही नगर पालिका की तरफ से अंबेडकर पार्क में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है।

स्थानीय निवासी अनु दयाल भारती ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि संभल में कई जगहों पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा की मरम्मत का काम चल रहा है। इसके अलावा, रंगाई-पुताई भी कराई गई है और सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। मुझे लगता है कि संभल के अंदर विकास कार्यों में पहले की तुलना में काफी बदलाव आया है।

उत्तर प्रदेश में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस विशेष अवसर पर जिलों में भव्य समारोहों, विचार गोष्ठियों एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बताया गया है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे प्रदेश में गरिमा और राजकीय सम्मान के साथ मनाई जाएगी। राज्यभर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें डॉ. अंबेडकर के विचारों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया जाएगा।इसको लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव ने समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं इन आयोजनों में भाग लें तथा जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करें।

## कोयंबटूर : ईसाई पादरी पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का आरोप, गिरफ्तार

कोयंबटूर(आरएनएस)। तमिलनाडु के कोयंबटूर पुलिस ने एक ईसाई पादरी जॉन जेबराज (32) को दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया है। जॉन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। वह कोयंबटूर के क्रॉसकट रोड स्थित किंग जेनरेशन चर्च में पादरी के रूप में कार्यरत था और केरल में भी धर्मोपदेश देता था।पुलिस के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब पीड़ित लड़कियों के माता-पिता ने कोयंबटूर सेंट्रल ऑल विमेन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की। शिकायत में कहा गया कि जॉन ने लगभग 11 महीने पहले कोयंबटूर के जी.एन. मिल्स इलाके में अपने घर पर आयोजित एक समारोह के दौरान 17 वर्षीय और 14 वर्षीय दो लड़कियों का यौन शोषण किया। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और जॉन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जॉन की तलाश के लिए पुलिस ने एक विशेष बल का गठन किया। जांच के दौरान पता चला कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए तमिलनाडु-केरल सीमा पर मुन्नार इलाके में छिपा हुआ था।

# मुर्शिदाबाद हिंसा : इंटरनेट सेवाएं बंद, 150 से ज्यादा लोग गिरफ्तार; हिंदुओं ने भागकर ली स्कूलों में शरण

नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ चल रहा विरोध प्रदर्शन हिंसक हो जाने के बाद मुर्शिदाबाद से कथित तौर पर हिंदू समुदाय के लोगों के पलायन की खबरें आ रही हैं। हिंसक प्रदर्शन के कारण इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। पुलिस ने 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNS) की धारा 163 के तहत कई पाबंदियां लागू की गई हैं। सुरक्षाबल मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले सभी वाहनों की जांच कर रहे हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग जारी है। जांच अभी चल रही है। इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने



एक्स पर एक पोस्ट कर बताया कि 400 से अधिक हिंदुओं को मुर्शिदाबाद के धुलियान से भागने, नदी पार करने और स्कूल में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने हिंदुओं की तस्वीरें और वीडियो भी पोस्ट किए।

भाजपा नेता ने कहा, धार्मिक कट्टरपंथियों के डर से मुर्शिदाबाद के धुलियान में 400 से अधिक हिंदू नदी पार करके मालदा के बैष्णबनगर के देवनापुर-सोवापुर जीपी के पार लालपुर हाई स्कूल में शरण लेने के लिए मजबूर हुए। अधिकारी ने पोस्ट में कहा कि बंगाल में धार्मिक उत्पीड़न वास्तविक है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, टीएमसी की तुष्टिकरण नीतियों ने कट्टरपंथी तत्वों को प्रोत्साहित किया है। हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, हमारे लोग अपनी ही जमीन पर अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। कानून-व्यवस्था की इस विफलता के लिए राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने जिले में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस और जिला प्रशासन से इन विस्थापित हिंदुओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने और उनके जीवन की रक्षा करने का आग्रह किया।

## दलित युवक की हत्या पर भड़कीं मायावती, बोलीं- सरकार कानून का राज करे कायम

लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के करछना क्षेत्र में दलित युवक की हुई हत्या पर दुख जताया है, जिसे जिंदा जला दिया गया। साथ ही उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान करने की घनाओं को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंन इन दोनों मामलों में सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक के बाद एक दो ट्वीट कर प्रदेश में बढ़ते अपराध और सामाजिक तनाव को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने पोस्ट किया, यूपी के प्रयागराज के करछना में सामंती तत्वों द्वारा एक दलित की की गई नृशंस हत्या की घटना अति-दुखद व चिंतनीय। प्रदेश में बेलगाम हो रहे ऐसे आपराधिक, असमाजिक व सामंती तत्वों के खिलाफ सरकार जरूर सख्त कार्रवाई करके कानून के राज को कायम करे।एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा, साथ ही, संविधान निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनादर की घटनाओं को भी सरकार पूरी गंभीरता से लेकर समाज में तनाव एवं हिंसा पैदा करने वाले ऐसे गुनहगारों के विरुद्ध सरकार सख्त कार्रवाई करे, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रूक सके।

# राजमार्गों पर दो वर्षों में सरकार खर्च करेगी 10 लाख करोड़, पूर्वोत्तर पर खास ध्यान

नईदिल्ली,(आरएनएस)। केंद्र सरकार अगले 2 साल में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ये बात कही है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत सीमा से नजदीकी देखते हुए देश के पूर्वोत्तर इलाकों पर खास ध्यान दिया जाएगा और 2 सालों में वहां के राजमार्ग अमेरिकी राजमार्गों के अनुरूप होंगे।

गडकरी ने कहा, हम अगले 2 साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आने वाले 2 वर्षों में पूर्वोत्तर के राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के बराबर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कठिन भूभाग और सीमा से नजदीकी देखते हुए यहां सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जरूरत है।

मंत्री गडकरी ने बताया कि पूर्वी राज्यों में 3,73,484 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 784 राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। ये 21,355 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी।

ये पहल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और दिल्ली सहित सभी राज्यों में कार्य चल रहा है।

गडकरी ने कहा, फिलहाल असम में 57,696 करोड़ और बिहार में लगभग 90,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं हैं। हम पश्चिम बंगाल में 42,000 करोड़, झारखंड में लगभग 53,000 करोड़ और ओडिशा में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि असम को छोड़कर पूर्वोत्तर में इस साल लगभग एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं।

### खाटूश्याम जा रहे परिवार की कार ट्रेलर से टकराई, एक ही परिवार के पांच लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली(आरएनएस)। जमवारामगढ़ क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लखनऊ से आए एक परिवार की कार सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ गई। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य खाटूश्याम जा रहे थे।ये हादसा मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर स्थित नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस वक्त हुआ। हादसे में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक साल का एक मासूम शामिल हैं। वह खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले थे। ये लोग कार में सवार होकर दौसा की ओर से खाटू की तरफ जा रहे थे कि तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर से उनकी कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर भी सड़क से नीचे उतरकर पलट गया और कार के परखच्चे उड़ गए।

# तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में भीषण सड़क हादसा, कार-बस की टक्कर में चार लोगों की मौत

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में रविवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। एक कार और सरकारी बस की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई।यह दुर्घटना रविवार सुबह करीब 3:30 बजे सोमासिपाडी गांव से सटे कट्टुकुलम के पास हुई। हादसे की सूचना मिलने पर किलपेन्नाथुर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तिरुवन्नामलाई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

साथ ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है।इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बावजूद तमिलनाडु में पिछले एक साल में सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। साल 2024 में राज्य में 17,282 घातक दुर्घटनाओं में 18,074 लोगों की मृत्यु हुई थी, जो 2023 की तुलना में 273 कम है। 2023 में 17,526 दुर्घटनाओं में 18,347 लोगों की मृत्यु हुई थी।राज्य पुलिस प्रमुख शंकर जिवाल ने हादसों में कमी का श्रेय सड़क सुरक्षा उपायों को दिया है, जिनमें सख्त ट्रैफिक नियम लागू करना, नशे में वाहन चलाने के खिलाफ कार्रवाई और दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) में सुधार शामिल हैं। 2023 के आंकड़ों से पता चला कि 17,526 दुर्घटनाओं में से 16,800 हादसे चालक की गलती के कारण हुए थे। इस पर ध्यान देने के लिए पुलिस ने सर्वेक्षण किए और वाहन घनत्व, ट्रैफिक पर्यावरण और दुर्घटना इतिहास के आधार पर 6,165 ब्लैक स्पॉट्स चिह्नित किए। राज्य राजमार्ग विभाग के साथ मिलकर 3,165 स्थानों पर सुरक्षा उपाय लागू किए गए। हाईवे पेट्रोल मोबाइल




एप्लिकेशन ने जागरूकता फैलाने और बेहतर नियम लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इसके अलावा, हाईवे पेट्रोल टीमों ने 12,629 गंभीर रूप से घायल दुर्घटना पीड़ितों को बचाया, जिससे उन्हें चिकित्सा सहायता मिल सकी।नियम लागू करने के साथ-साथ पुलिस ने जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए हजारों सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। नतीजतन, तमिलनाडु के कई शहरों और जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार कमी देखी गई है।

## जोधपुर से गूंजा सियासी हमला : गजेंद्र शेखावत ने ममता सरकार को बताया वोट बैंक की राजनीति में लिप्त

जोधपुर (आरएनएस)। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को जोधपुर प्रवास के दौरान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। शेखावत ने बंगाल में हाल के दिनों में हुई हिंसक घटनाओं को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की चुप्पी और कथित निष्क्रियता की कड़ी आलोचना की। उन्होंने बंगाल की स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय करार देते हुए कहा कि ममता बनर्जी की सरकार केवल अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण में लगी है। शेखावत ने कहा, राजनीतिक संरक्षण और वोट बैंक की राजनीति के चलते बंगाल में जो स्थिति बनी है, वह बेहद चिंताजनक है। रामनवमी के उत्सव के दौरान और उसके बाद लगातार बहुसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमले की खबरें सामने आई हैं। धार्मिक आधार पर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं और महिलाओं व लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार के मामले सामने आए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन सबके बावजूद ममता बनर्जी की सरकार खामोश है और केवल अपने वोटों को साधने में व्यस्त है।

## मल्लिका शेरावत ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस ने की खूबसूरती और फिटनेस की तारीफ



बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर उनके फैंस दीवाने हो रहे हैं. इन तस्वीरों में मल्लिका का ग्लैमरस अंदाज और उनकी फिटनेस साफ झलक रही है. मल्लिका ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा,  साहसी, अडिग एवं संभावनाओं से भरपूर , जिससे उनके आत्मविश्वास और पॉजिटिव एनर्जी का अंदाजा लगाया जा सकता है. उनकी इस पोस्ट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. एक फैन ने कमेंट में लिखा, मैं तब जलता हूं जब कोई खुद को आपसे बड़ा फैन बताता है. मेरे लिए सिर्फ एक ही गॉडेस हैं और वह हैं मल्लिका शेरावत .वर्कफ्रंट की बात करें तो मल्लिका शेरावत लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं और अक्सर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

# छोटी-छोटी चीजें मायने रखती हैं, इन्हीं में खुशियां तलाश लेती हैं कृतिका कामरा



अभिनेत्री कृतिका कामरा खुद को यर्थाथवादी मानती हैं। एक्ट्रेस के अनुसार वो छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढ लेती हैं। कृतिका की जिंदगी पर कोई फिल्म बने, तो उसका शीर्षक क्या होगा? इस सवाल पर उन्होंने  कहा, थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है। मुझे लगता है कि यह मेरी जिंदगी की कहानी है। मैं यथार्थवादी हूं और मेरे लिए खुशी छोटी-छोटी चीजों में है। मेरे पास जो कुछ भी है, मैं उसके लिए आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा, जीवन एक यात्रा है और अब तक की मेरी यात्रा बहुत दिलचस्प रही है।

कृतिका को शो कितनी मोहब्बत है में आरोही शर्मा का किरदार निभाकर सुर्खियां मिलीं। इसके बाद उन्हें कुछ तो लोग कहेंगे, रिपोर्ट्स और प्रेम या पहेली - चंद्रकांता जैसे शो में देखा गया।

इसके अलावा, अभिनेत्री ने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 7 में भी भाग लिया है और तांडव और बंबई मेरी जान जैसी श्रृंखलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। 35 वर्षीय अभिनेत्री ने 2018 में रिलीज हुई मित्रों से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उनके पास एक और प्रोजेक्ट है। वह प्रतीक गांधी के साथ फॉर योर आईज ओनली में भी हैं।

इस बारे में बात करते हुए कि उन्हें कौन सा किरदार निभाना मुश्किल लगता है- खुद से बिल्कुल अलग किरदार या फिर खुद से मिलता-जुलता किरदार। इस पर कृतिका ने बताया, एक आदर्श किरदार वह होता है जिसमें ऐसे गुण और भावनाएं हों जिससे आप कनेक्ट कर सकें, लेकिन उस किरदार का जीवन आपसे (एक्टर) बिल्कुल अलग हो। मैं ऐसे किरदारों की तलाश करती हूं जो मुझे ऐसी परिस्थितियों की कल्पना करने के लिए मजबूर करें जिनमें मैं कभी नहीं रही।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसी चीजें जो मैंने कभी नहीं की या महसूस नहीं कीं। लेकिन उस स्थिति में होना तभी संभव है जब आपकी उस चरित्र से कुछ समानता हो और सभी अच्छे से लिखे गए पात्रों में यह होता है। बस आपको उसका इतिहास, उससे जुड़ी भावना या उस किरदार के सिद्धांत पर काम करना होता है। बाकी आप अभिनव यात्रा में अनुभव के साथ सीख लेते हैं।

अभिनेत्री को हाल ही में ग्यारह ग्यारह सीरीज में देखा गया था, जो कोरियाई नाटक सिग्नल का रूपांतरण है। उनका अगला प्रोजेक्ट मटका किंग है, जिसके निर्माता राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नागराज मंजुले हैं।

मटका किंग मुंबई में शुरू हुए मटका जुए की जटिल दुनिया को दर्शाता है। इस सीरीज में विजय वर्मा मटका किंग की मुख्य भूमिका में हैं।

## सलमान खान और संजय दत्त की नई फिल्म गंगा राम का ऐलान, धमाकेदार एक्शन से भरी होगी कहानी!

पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि सलमान खान और संजय दत्त ने एक एक्शन फिल्म के लिए फिर से हाथ मिलाया है। हाल ही में फिल्म सिकंदर की रिलीज से पहले सलमान ने खुद बताया कि वह एक बार फिर संजू बाबा के साथ एक एक्शन फिल्म में काम करने वाले हैं।आखिरकार अब संजय और सलमान की फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। आइए बताते हैं इस फिल्म का निर्देशन कौन करने वाला है।रिपोर्ट के अनुसार, संजय और सलमान की फिल्म का नाम गंगा राम रखा गया है। इस फिल्म का निर्देशन कृष अहीर करने वाले हैं।खास बात यह है कि वह फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।गंगा राम की शूटिंग इस साल जून या जुलाई में शुरू हो जाएगी और यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में रिलीज होगी।सलमान खुद इस फिल्म पर पैसा लगा रहे हैं। संजय और सलमान रेडी, ओम शांति ओम, ये है जलवा, चल मेरे भाई समेत कई फिल्मों में साथ दिख चुके हैं।

## अजय देवगन ने धमाल 4 को लेकर दिया बड़ा अपडेट, पहला शेड्यूल पूरा और दूसरा शुरू, दिखी फिल्म की स्टार कास्ट की झलक



कॉमेडी फिल्म फ्रैंचाइज धमाल की चौथी किस्त का ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गया है. बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन ने रेड 2 के बाद अपनी अगली फिल्म धमाल 4 की शूटिंग शुरू कर दी है. अजय देवगन ने फिल्म के शेड्यूल और स्टार कास्ट के बारे में जानकारी देते हुए तस्वीरें शेयर की हैं. फिल्म में नए सितारे शामिल हुए हैं.अजय देवगन ने अपनी आगामी फिल्म रेड 2 के लिए कमर कस लिए हैं. कुछ दिन पहले ही फिल्म का शानदार ट्रेलर रिलीज किया गया था. यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. रेड 2 के बाद अजय देवगन ने अपने आगामी प्रोजेक्ट धमाल 4 का ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया है. अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पर धमाल 4 के स्टार कास्ट, शूटिंग शेड्यूल के बारे में डिटेल साझा किया है।

## सिकंदर हुआ बेदम, जाट का भी क्रेज कम, बॉक्स ऑफिस पर मोर्चा मार गई फिल्म गुड बैड अग्ली




सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म सिकंदर आज अपनी रिलीज के दो हफ्ते पूरे करने जा रही है. सिकंदर ने की 13 दिनों की कमाई का पूरा आंकड़ा सामने आ चुका है. सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर स्लो साबित हुई और पहले दिन से ही फिल्म की कमाई लगातार नीचे गिर रही है. सिकंदर की कमाई अब करोड़ों से लाख रुपये में आ चुकी है. वहीं, दूसरी तरफ सनी देओल की फिल्म जाट के बॉक्स ऑफिस पर आते ही सिकंदर को धूमिल हो गई है. जाट ने 10 करोड़ रुपये से भी ज्यादा से ओपनिंग ली और दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आ रही है. जाट के साथ तमिल फिल्म गुड बैड अग्ली भी रिलीज हुई, जो कमाई में आगे चल रही है. आइए जानते हैं जाट ने दूसरे दिन और सिकंदर ने 13वें दिन कितना कलेक्शन किया है और गुड बैड अग्ली की कमाई कहां तक पहुंची है.सलमान खान की सिकंदर वो कमाल नहीं कर सकी, जो उससे उम्मीद की गई थी. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म ने 12वें दिन 0.7 करोड़ रुपये कमाए थे और फिल्म की कमाई 48 फीसदी तक नीचे गिर गई थी और अब 13वें दिन सिकंदर ने 0.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसी के साथ भारत में सिकंदर का कलेक्शन 108.115 करोड़ रुपये हो गया है।

# गर्मियों के दौरान पहनें ये 5 हल्की-फुल्की साड़ियां, लगेंगी बहुत खूबसूरत



गर्मियों में ऐसी साड़ी पहनना अच्छा है, जो हल्की-फुल्की और आरामदायक हो। इससे न केवल ठंडक मिलेगी, बल्कि आप पूरे दिन तरोताजा भी महसूस करेंगी। बाजार में कई प्रकार की हल्की साड़ियां उपलब्ध हैं, लेकिन हम आपको ऐसी साड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न केवल आरामदायक हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। इन साड़ियों को आप रोजमर्रा के उपयोग से लेकर खास मौकों तक पहन सकती हैं।

### सूती साड़ियां

सूती साड़ियां गर्मियों के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प हैं। ये न केवल हल्की होती हैं, बल्कि इन्हें धोना और सुखाना भी आसान होता है। सूती साड़ियों की खासियत यह है कि ये त्वचा को हवा लगने देती हैं और पसीना सोखती हैं, जिससे आप तरोताजा महसूस करती हैं। बाजार में कई प्रकार की डिजाइन और रंगों में सूती साड़ियां मिलती हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और अवसर के अनुसार चुन सकती हैं।

### लिनन साड़ियां

लिनन की साड़ियां भी गर्मियों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकती हैं। लिनन कपड़ा बहुत ही हल्का और आरामदायक होता है, जो आपको पूरे दिन ताजगी का एहसास दिलाता है। लिनन की साड़ियों का कपड़ा भी बहुत सुंदर होता है, जिससे आपका पहनावा खास बनता है। इन साड़ियों को आप किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं, चाहे वह रोजमर्रा का हो या कोई खास मौका।लिनन की साड़ियां पहनकर आप हमेशा स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करेंगी।

### चंदेरी सिल्क साड़ियां

चंदेरी सिल्क की साड़ियां भी गर्मियों में पहनने के लिए उपयुक्त होती हैं।ये साड़ियां हल्की-फुल्की होने के साथ-साथ बहुत ही सुंदर दिखती हैं। चंदेरी सिल्क कपड़े पर हल्की चमक होती है, जो इसे खास बनाती है।इन साड़ियों को आप शादी-ब्याह या किसी खास मौके पर पहन सकती हैं।चंदेरी सिल्क की साड़ियों का रंग और डिजाइन भी बहुत आकर्षक होता है, जिससे आपका पहनावा और भी खास बनता है।

### जॉर्जेट साड़ियां

जॉर्जेट कपड़े की साड़ियां भी गर्मियों में आरामदायक होती हैं और इन्हें पहनना आसान होता है। जॉर्जेट कपड़े की पतली परतें होती हैं, जो हवा पास आने देती हैं और पसीना सोखती हैं। इन साड़ियों का कपड़ा भी बहुत सुंदर होता है, जिससे आपका पहनावा खास बनता है। जॉर्जेट की साड़ियों को आप रोजमर्रा के उपयोग या किसी खास मौके पर पहन सकती हैं। इन साड़ियों का रंग और डिजाइन भी बहुत आकर्षक होता है।

### खादी साड़ियां

खादी भारतीय संस्कृति की पहचान मानी जाती है और यह गर्मियों के लिए आदर्श विकल्प हैखादी कपड़े हाथ से बने होते हैं, जो इन्हें बहुत हल्का बनाते हैं। खादी की साड़ियां पहनने में बेहद आरामदायक होती हैं और इनमें पारंपरिकता के साथ-साथ आधुनिकता का भी छटा होती है।

इन सभी प्रकार की हल्की-फुल्की साड़ियों को पहनकर आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

## पेट को आराम दे सकती हैं ये चीजें, पाचन की समस्याओं से दिला सकती हैं राहत

पेट की समस्याएं अक्सर गलत खान-पान या अस्वस्थ आदतों के कारण होती हैं। कई लोग पेट की समस्याओं से राहत पाने के लिए महंगे और असरदार दवाइयों का सहारा लेते हैं।



हालांकि, कुछ सरल और प्रभावी घरेलू उपाय भी हैं, जिनसे आप अपने पेट को आराम दे सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आम खाद्य पदार्थों के बारे में बताएंगे, जो आपके पेट को आराम देने में मदद कर सकते हैं।

### अदरक

अदरक एक प्राकृतिक औषधि है, जो पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकती है।

इसमें सूजन और गैस्ट्रिक समस्याओं को कम करने वाले गुण होते हैं। अदरक का सेवन चाय या सलाद में किया जा सकता है। अदरक की चाय बनाकर पीना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

अदरक का सेवन करने से आपके पाचन तंत्र को भी मजबूती मिलती है और आप ताजगी महसूस करते हैं।

### दही

दही में ऐसे तत्व होते हैं, जो पेट की अच्छी बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं और पाचन क्रिया को सुधारते हैं। यह आपके आंत को स्वस्थ रखता है।

रोजाना एक कटोरी दही खाने से आपके पाचन तंत्र को मजबूती मिलती है और आप हल्का महसूस करते हैं।दही का सेवन सलाद या सीधे भी किया जा सकता है। इसे आप अपने भोजन में शामिल कर सकते हैं।

### केले

केला एक ऐसा फल है, जो आसानी से पच जाता है और इसमें पोटाशियम होता है, जो शरीर के इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित रखता है।यह दस्त या कब्ज की समस्या वाले लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। केले का सेवन सुबह-सुबह खाली पेट किया जा सकता है या इसे अपने नाश्ते में शामिल किया जा सकता है।

इसके अलावा आप केले का रस भी बना सकते हैं, जिससे आपको ऊर्जा मिलेगी और पाचन तंत्र को भी मजबूती मिलेगी।

### ओट्स

ओट्स फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। यह कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है और पेट को आराम देता है।ओट्स का सेवन सुबह के नाश्ते में किया जा सकता है या इसे रातभर पानी या दूध में भिगोकर खाया जा सकता है।इसके अलावा ओट्स का हलवा या खीर बनाकर भी खाया जा सकता है, जिससे आपको भरपूर ऊर्जा मिलेगी।

### पपीता

पपीता में एक खास एंजाइम होता है, जो प्रोटीन पाचन में मदद करता है और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करता है।पपीते का सेवन सलाद या सीधे किया जा सकता है। पपीते का रस भी बनाया जा सकता है, जिसे सुबह-सुबह पीना फायदेमंद होता है। इन सभी खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपने पेट को आराम दे सकते हैं और कई समस्याओं से बच सकते हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत छात्रों ने पोस्टर मेकिंग के द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन का दिया संदेश




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के जिला समन्वयक पवन सहगल ने जानकारी देते हुए बताया कि राविवार 13 अप्रैल को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकाश पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा पोस्टर मेकिंग के द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर 80 से अधिक छात्र उपस्तिथ रहे, जिन्होंने अपनी सहभागिता दी। श्रेष्ठ तीन छात्रों को पुरुस्कृत किया गया। साथ ही नवांकुर संस्था ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष साहिल तिलोटिया द्वारा नर्मदापुरम के पच्चीस ग्रामों में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जल संवर्धन के स्टीकर लगाकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर आनंद नामदेव, नेहा तिवारी, नीरज चतुर्वेदी, राजेश गौर, राजेंद्र कुशवाह, रोहित बकोरिया, साहिल तिलोटिया, रानी दुबे, उमा, दर्शना, राजेश गोलियां, प्रीति, राखी,मनीष यादव, डाली, दीपा अन्य उपस्थित रहे।

## सोहागपुर जन अभियान परिषद् की छात्र/छात्राओं द्वारा किया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। मप्र जन अभियान द्वारा चलाये जा रहें जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रविवार को कक्षा में सभी छात्राओं के लिए मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी छात्राओं द्वारा एक दुसरे के हाथों में जल गंगा संवर्धन अभियान हेतु प्रचार प्रसार के उद्देश मेहदी लगाई। जिसमें आयुषी कुशवाहा छात्रा ने मेंहदी के माध्यम से संदेश दिया की वर्षा का जल हम यदि संरक्षित नहीं करेंगे। भविष्य में हम नदी तालाबों की फोटो देखेंगे बस। वंशीका भावसार छात्रा द्वारा बताया गया कि जब तक पेड़ों का संरक्षण नहीं होगा, तो वर्षा भी नहीं होगी। और होती है तो वर्षा का पानी भी नही रुकेगा बह कर चला जायेगा। मिट्टी का कटाव होता रहेगा। इस आयोजन मे शिवानी, वर्षा, सीमा, प्राची, नेहा, रंजना, शिवनी कुशवाहा, चांदनी, शिविका कुशवाहा उदय आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड समन्वयक के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें गजेंद्र ठाकुर, श्याम मीना, सचिन विश्वकर्मा मंजु व निशा चौरसिया मेंटर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम, वंशीका



भावसार द्वितीय स्थान पर रही। इन छात्राओं ने विकास खंड समन्वयक के हाथो में भी मेहंदी लगाई।

## खुशियों की दास्तां

### संबल योजना से नर्मदापुरम निवासी निर्मला यादव को मिला संबल, बच्चों के भविष्य को संवरने में मिली मदद

नर्मदापुरम (निप्र) । प्रदेश सरकार द्वारा असंगठित श्रमिक वर्ग के परिवारों को संकट की घड़ी में सहायता प्रदान करने हेतु चलाई जा रही है, जिससे वे



कठिन समय में भी आत्मनिर्भर रह सकें और सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। नर्मदापुरम निवासी श्रीमती निर्मला मालवीय को उनके पति की असामयिक मृत्यु के उपरांत मध्यप्रदेश शासन की संबल योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। श्रीमती मालवीय ने बताया कि इस सहायता राशि से उन्हें बच्चों के पालन–पोषण और शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सहारा मिला है। उन्होंने कहा कि यह राशि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को संभालने में सहायक सिद्ध हुई है और इससे उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने में भी मदद मिलेगी।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संबल योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं वास्तव में जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की किरण हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया जागरुक

नर्मदापुरम (निप्र) मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी मालवा के द्वारा चलाया जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम कोलगांव में नवांकुर संस्था दिशा जनकल्याण समिति के द्वारा छोटी–छोटी जल चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों को जल के महत्व की जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान में उनसे अपना सहयोग देने का आग्रह किया जा रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत

## कुसुम महाविद्यालय में जल संगोष्ठी का किया गया आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र) मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी मालवा के द्वारा रविवार 13 अप्रैल को कुसुम महाविद्यालय में जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मार्गदर्शन हेतु जिला समन्वयक पवन सहगल उपस्थित रहे। जिला समन्वयक के द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में चला रहा है, जिसमें हम सभी की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ कर हमें इसे महा अभियान बनाना है। उपस्थित अतिथियों एवं छात्रों के द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी छात्रों के द्वारा अपने अपने ग्राम की जल संरक्षण एवं संवर्धन की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की गई। अंत में सभी ने मानव श्रंखला निमार्ण कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद सिवनी मालवा के ब्लाक समन्वयक हरिदास दायमा परामर्शदाता नेहा यादव, रघुवीर मालवीय, नर्मदा प्रसाद यदुवंशी, सेवन दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आयुष विभाग द्वारा देवारणय योजना अंतर्गत अश्वगंधा की खेती का दिया गया प्रशिक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। आयुष विभाग मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही देवारणय योजना के अंतर्गत आयुष विभाग नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में रविवार 13 अप्रैल 2025 को ब्लॉक माखन नगर के ग्राम पंचायत बागरा तवा में कृषि विशेषज्ञ सुशील कुमार भार्गव के द्वारा अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें अश्वगंधा की खेती से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में ग्राम सरपंच विशाल मालवीय, उपसरपंच रमेश यादव, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बद्री प्रसाद दुबे, महेश छाबड़ा, महेश चौधरी, मुकेश सोलंकी, आलोक, उपस्थित रहे। आयुष विभाग से नोडल अधिकारी डॉ गौरव भेरुआ, तरुण सिंह राजपूत, अमित दुबे, उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयुष विभाग द्वारा किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

## डूब दुर्घटनाओं की रोकथाम के कलेक्टर ने दिए निर्देश

सीहोर(निप्र)। शासन द्वारा प्रदेश की विभिन्न नदियों एवं जल ग्रहण क्षेत्रों में डूब की अत्याधिक घटनाओं की रोकथाम में सभी जिलों को आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न जल ग्रहण स्थलों पर होने वाली डूब दुर्घटनाओं का कारण लोगों की लापरवाही, सुरक्षा नियमों की अनदेखी तथा जागरूकता की कमी है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में इन घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शासन द्वारा जारी सुझावों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर बालागुरू के द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के उन सभी स्थलों का सर्वेक्षण किया जाएगा, जहां पर डूब दुर्घटना की संभावना हो तथा सुरक्षा के उपाय किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा जिले के सभी जलग्रहण क्षेत्रों में नावों तथा नाविकों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। सभी असुरक्षित नावों को बंद कराया जाएगा। नावों की क्षमता (यात्रियो की सख्या) नियमानुसार निर्धारित कर नाव पर लिखवाया जाएगा। तथा निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने वाली नावों पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। नावों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट, रस्सा आदि न्यूनतम उपकरणों की व्यवस्था कराई जाएगी। सभी दुर्घटना संभावित स्थलों की निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही ऐसे स्थानों पर बचाव के लिए चेतावनी संकेत लिखे जायेंगे। खनन द्वारा निर्मित गड्ढों को फेसिंग के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा तथा इन जगहों पर चेतावनी बोर्ड लगाये जायेंगे। स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों एवं पंचायतों में डूब से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय अस्पतालों में डूब प्रभावित व्यक्तियों के बचाव तथा उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।

# कुबेरेश्वरधाम पर दो क्विंटल से अधिक शीतल पेय का वितरण



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में सेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए यहां पर हर रोज हजारों श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। वहीं सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक शीतल पेय का वितरण भी किया जा रहा है। रविवार को वैशाख माह का शुभारंभ हुआ है। इस मौके पर शाम को बाबा की आरती की गई। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पंडित प्रदीप मिश्रा के आदेशानुसार यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रतिदिन निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी के अलावा शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है। रविवार को दोपहर गन्ने का रस के अलावा दो क्विंटल से अधिक गुलाब से बने शीतल पेय का वितरण किया गया था। हर साल की तरह गर्मी के दिनों में दोपहर को यहां पर आने वाले श्रद्धालु के लिए शीतल पेय का वितरण किया जाता है। सुबह से ही भजन कीर्तन का आयोजन भी चल रहा है। रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को विठलेश सेवा समिति की ओर से यहां पर मौजूद सेवादरों ने आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क शीतल पेय वितरण किया। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, सौभाग्य मिश्रा, रविन्द्र नायक, मनोज दीक्षित मामा, बृजेश पाराशर, भूपेन्द्र शर्मा, बंटी परिहार आदि मौजूद रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां

### जल संगोष्ठी आयोजित कर दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ

सीहोर(निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ–सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई



जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है।

## हनुमान प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में श्री पंचमुखी हनुमान जी की हुई महा आरती व महाप्रसादी वितरण, दर्शन लाभ के लिये लगा रहा सैकड़ों भक्तों का तांता



सीहोर(निप्र)। सीहोर नगर के पावर हाऊस चौराहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में प्रात: 6 बजे भगवान की मंगल आरती की गई। इसके उपरांत भगवान के आकर्षक श्रृंगार दर्शन प्रारंभ हुए। आरती उपरांत 51 किलो शुद्ध घी के मगज के लड्डु एवं फलों का भोग भगवान को अर्पण किया गया। प्रसादी वितरण का सिलसिला सांयकाल तक निरंतर जारी रहा। दोपहर 12 बजे गुरु महाराज पं. कमला प्रसाद जी द्वारा पंच मुखी हनुमान जी का 1001 नामों से अकओं के फूल द्वारा सहस्त्र अर्चन एवं विशेष पूजन सम्पन्न की। तदोपरांत सांय 7:30 बजे भगवान श्री पंचमुखी हनुमान जी की महा आरती प्रारंभ की। जिसमें प्रमुख रूप से जगत गुरु श्री–श्री 1008 अजय पुरोहित, मंदिर समिति संरक्षक पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, भाजपा नेता सन्नी गौरव महाजन, पार्षद आशीष गेहलोत, पार्षद अजय पाल, नरेन्द्र राजपूत, आयूष सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री पंचमुखी हनुमान जी की आरती उतार कर जनमानस की सुख समृद्धि की कामना कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

आरती उपरांत मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यपालन यंत्री अमित राय एवं उनके समस्त स्टाफ द्वारा श्री पंचमुखी हनुमान जी को माल पुए एवं खीर का भोग अर्पण कर समस्त भक्तों में वितरित किया गया। मानस मण्डल एंव मंदिर समिति द्वारा भगवान को पांच प्रकार के फलों एवं भगवान के प्रियभोग चुरमें का भोग अर्पण कर समस्त भक्तों में वितरित किया। जिसका सिलसिला देर रात 12 बजे तक जारी रहा। रात्रि 9:30 बजे श्री पंचमुखी हनुमान जी के सम्मुख पंचमुखी मानस मण्डल द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया।

## चर्च मैदान पर निशुल्क ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर



### सीहोर ग्रीन ने सीहोर चिल्ड्रन को 2–1 से हराया

सीहोर(निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के चौथे दिन एक मैच खेला गया। जिसमें सीहोर ग्रीन ने सीहोर चिल्ड्रन को 2–1 से हराया। इस रोमांचक मैच सीहोर चिल्ड्रन ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा रविवार को प्रशिक्षण शिविर में अनेक खिलाड़ियों को कोच ने खेल की बारीकियों से अवगत किया। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि शामिल थे।रविवार को एक रोमांचक मैच खेला गया था। जिसमें सीहोर ग्रीन ने सीहोर चिल्ड्रन को 2–1 से हराया। इस मैच में सीहोर ग्रीन की ओर से अनंत कुशवाहा और रोहिल ने 1–1 गोल किया। इसके अलावा सीहोर चिल्ड्रन की ओर से एक मात्र गोल रुद्रवीर सिंह ने किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को सीहोर बाइज और सीहोर गर्ल्स के मध्य साढ़े चार बजे मैच खेला जाएगा।

# लोकतंत्र को सही दिशा दिखाती है मीडिया - मंत्री श्री टेटवाल

### समाज की चेतना को जगाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है – मंत्री श्री टेटवाल

सीहोर(निप्र)। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और जब लोकतंत्र में किसी प्रकार का भटकाव या समस्या आती है तो मीडिया ही लोकतंत्र को सही दिशा दिखाने का काम करती है। यह बात तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मध्यप्रदेश मीडिया संघ द्वारा सीहोर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज में चेतना को जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि मीडिया वह माध्यम है जो समाज की जन भावनाओं को सरकार एवं सत्ता तक पहुंचाने का कार्य करती है। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मीडिया की भूमिका और भी अधिक निर्णायक हो गई



है। आज के इस युग में मीडिया जनता की बुलंद आवाज बनकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने मीडिया के सदस्यों एवं सभी पत्रकारों से आवाहन किया सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ जन जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश मीडिया संघ अध्यक्ष जयवंत ठाकरे, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, राजकुमार गुप्ता, बीडी बैरागी, नितिन जोहरी, केजी बैरागी, सक्षम पालीवाल सहित पत्रकार एवं मीडिया के सदस्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर–एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई–मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com



# भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर सादर नमन



## उद्यमिता की शक्ति लाएगी समृद्धि

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना

### 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए

### ₹42 लाख तक ऋण सहायता

**पात्रता** - 3.50 एकड़ कृषि भूमि एवं डेयरी फार्मिंग में प्रशिक्षण | **सब्सिडी** 25% से 33% | **पहले आएं, पहले पाएं** पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें

- **मुख्यमंत्री उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत-** पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन, डेयरी किसानों की आय में वृद्धि और डेयरी क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसरों का होगा निर्माण।
- **उन्नत नस्लों से बढ़ेगी आय -** भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधारने के कार्यक्रम।
- **मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम -** किसान आधुनिक डेयरी तकनीक और बाजार से जुड़ेंगे।
- **उत्कृष्टता को सम्मान -** प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ गौवंशीय और उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार कार्यक्रम।
- एक हितग्राही को अधिकतम आठ इकाइयां लगाने की पात्रता होगी।

*प्रदेश में गौ-पालकों और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए "डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना" शुरू की जा रही है। गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का अहम हिस्सा है। हमने यह वर्ष गौ-माता की सेवा को समर्पित किया है।*

*प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025 के तहत पंजीकृत गौ-शालाओं के गौ-वंश हेतु अनुदान अब ₹20 से बढ़कर ₹40 प्रति गौवंश प्रति दिवस मिलेगा। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिलें, इस दिशा में हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं।*

-**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभ्यारण्य के रूप में सागर जिले में 258.64 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश का 25वां अभ्यारण्य घोषित।**

**वन्य जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम निर्णय।**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D-11011/25